## खबर संक्षेप



### आइये जानते हैं ज्योतिष मर्मज्ञ श्रीनाथ प्रपन्नाचार्य जी द्वारा राशि अनुसार पूजन विधि

इस महाशिवरात्रि में 25 साल बाद बन रहें हैं दुर्लभ संयोग मेष राशि वाले दूध तो कर्क वाले चढ़ाएं चमेली का तेल मीन वाले इत्र, महाशिवरात्रि पर आपकी राशि अनुसार मान्यता है कि अगर महाशिवरात्रि के दिन राशि के अनुसार कुछ विशेष उपाय किए जाएं, तो पूरे साल भगवान शिव की कृपा बनी रहती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है.हिंदू धर्म में महाशिवरात्रि को अत्यंत पवित्र और फलदायी पर्व माना गया है. यह हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है, जिसका भक्त पूरे वर्ष इंतजार करते हैं. हर साल फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को यह महापर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है. शिव उपासकों के लिए यह दिन विशेष साधना और आराधना का अवसर होता है. इस वर्ष महाशिवरात्रि 15 फरवरी को आ रही है, जिस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की जाती है. मान्यता है कि यदि इस दिन अपनी राशि के अनुसार कुछ विशेष उपाय किए जाएं, तो पूरे साल महादेव की कृपा बनी रहती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है प्रसिद्ध आचार्य श्रीनाथ प्रपन्नाचार्य जी महाराज से जानते हैं कि महाशिवरात्रि के दिन 12 राशियों के लिए कौन-कौन से उपाय शुभ माने गए हैं*वैसे तो शिवरात्रि में रात्रि के चार पहर के पूजन का अत्यधिक महत्व है जैसे प्रथम प्रहर सायम 6 बजे से 9 बजे रात्रि तक द्वितीय प्रहर रात्रि 9 से बजे से 12 बजे रात्रि तकतृतीय प्रहर रात्रि 12 बजे से 3 बजे रात्रि तक चतुर्थ प्रहर प्रातः 3 बजे से 6 बजे प्रातः तक यह शिवरात्रि के चार प्रहर हैं अर्थात शिव की रात्रि शिवरात्रि आइये अब जानते हैं राशिगत पूजन विधि। मेष- भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए महाशिवरात्रि वाले दिन मेष राशि के जातकों को भोलेनाथ को गायकी दूध अर्पित करने चाहिए और हलुआ ग़रीबों को तथा भक्तों को खिलायें ऐसा करने से भगवान शंकर जी कृपा सदैव बनी रहेगी.वृषभ- फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को इस राशि के जो जातक हैं, उन्हें भगवान शिव को दूध मिश्रित जल चढ़ाना चाहिए और पूड़ी सब्जी खिलाये इससे उनके हर कार्य संपन्न होंगे । मिथुन- इस राशि के जातक महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव को दही मिश्रित जल चढ़ाएं फलो का दान करें जिससे उनके आने वाले कष्ट समाप्त होंगे.। कर्क- महाशिवरात्रि के दिन कर्क राशि के जातक भगवान शिव को चमेली का तेल या इत्र अर्पित करें और खिचड़ी का दान करें जिससे उन्हें महादेव का विशेष आशीर्वाद मिलेगा। सिंह- भगवान शिव की विशेष कृपा पाने के लिए सिंह राशि के जातक महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव के मंदिर जाकर घी का दीपक जलाएं और ग़रीबों को खीर खिलायें ऐसा करने से उनके आने वाले सभी कार्य बिना किसी रुकावट के संपन्न हो सकेंगे।.कन्या- इस राशि के जातक महाशिवरात्रि पर काले तिल और जल मिलाकर शिवलिंग का अभिषेक करें तथा केले का दान करें ऐसा करने से उनके रुके हुए कार्य जल्द पूरे होंगेतुला- इस राशि के जातक महाशिवरात्रि के दिन महादेव की विशेष कृपा पाने के लिए शिव मंदिर जाकर जल में सफेद चंदन मिलाकर भगवान शंकर को चढ़ाएं और चावल का दान करें ऐसा करने से उन्हें हर क्षेत्र में सफलता मिलेगी। वृश्चिक- महाशिवरात्रि के दिन वृश्चिक राशि के जातक भगवान शिव को जल और बेलपत्र चढ़ाएं. ऐसा करने से महादेव की विशेष कृपा प्राप्त होगी तथा लड्डू का दान करें। धनु- भोलेनाथ की विशेष कृपा पाने के लिए धनु राशि के जातक भगवान शंकर के मंदिर जाकर उन्हें जल अर्पित करें. इसके बाद तिल, जौ और चावल का दान करें. महादेव की कृपा मिलेगी। मकर- इस राशि के जातक भगवान शिव की असीम कृपा पाने के लिए महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर जाकर पूजन के बाद गरीबों को धन का दान करें. इससे आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलेगा। कुंभ- इस राशि के जातक महाशिवरात्रि के दिन शिव मंदिर जाकर गुलाब का फूल तथा नीली वस्तु चढ़ाये भगवान के दर्शन के बाद गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन कराएं. इससे जीवन में अन्न और धन की कमी नहीं होगी.मीन- महाशिवरात्रि के दिन मीन राशि के जातक भगवान शंकर का रुद्राभिषेक करें. इत्र अवश्य चढ़ाये इसके बाद गरीबों को चावल, दाल, चीनी, सौंफ और सुपारी का दान करें. महादेव की कृपाहोगी

# राजेन्द्र नगर में वीनस स्वीट्स के सामने से हटाया अतिक्रमण, अब केवल पट्टा धारकों को ही मिलेगी जगह



शहर के सिविल लाइन चौराहा स्थित वीनस स्वीट्स के सामने शनिवार को नगरनिगम और एस डीएम की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध अतिक्रमण को पूरी तरह साफ कर दिया। प्रशासन की इस कड़ाई से इलाके के अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस स्थान पर अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी।





सतना।

प्रशासन की योजना के तहत केवल उन्हीं दुकानदारों को यहाँ दुकान लगाने की अनुमति दी जाएगी,जिनके पट्टे में दुकान का नंबर दर्ज है। बिना नंबर के दुकान बनाने या फिर से कब्जा करने की कोशिश करने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम और नगर निगम की टीम ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी है कि पट्टे के नियमों का उल्लंघन करने पर न केवल दुकान हटाई जाएगी,बल्कि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मामला भी दर्ज किया जा सकता है।

# सूत्र सेवा बस में निजी बस कर्मियों की दबंगई, यात्री से की अभद्रता




सतना।

शहर के नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस टर्मिनल से बसों का संचालन शुरू होते ही निजी बस ऑपरेटरों की 'गुंडागर्दी' भी चरम पर पहुंच गई है। शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ,जिसमें निजी बस का एक कर्मचारी सरकारी 'सूत्र सेवा' बस के भीतर घुसकर एक यात्री के साथ सरेआम गाली-गलौज और अभद्रता करता नजर आ रहा है। यह पूरी घटना बस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है,जो परिवहन व्यवस्था और यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

### अघोषित स्टैंड बना विवाद का अड्डा

इस गुंडागर्दी के पीछे का मुख्य कारण कारगिल ढाबे के सामने बना अघोषित बस स्टैंड है।बसों को आई एस बीटी से सीधे गंतव्य की ओर निकलना चाहिए,लेकिन निजी बस ऑपरेटरों ने ढाबे के पास अपना कब्जा जमा रखा है। निजी बसें यहाँ 15-20 मिनट तक खड़ी रहती हैं। शहर से आने वाले यात्रियों को आईएसबीटी पहुँचने से पहले ही रास्ते में रोककर जबरन अपनी बसों में बैठाया जाता है। जब कोई यात्री अपनी पसंद की बस चुनता है,तो निजी बस कर्मी इसे अपनी आर्थिक हानि मानकर विवाद पर उतारू हो जाते हैं।

### सवारी छीनने की होड़

जानकारी के अनुसार,सूत्र सेवा की एक बस सतना से रीवा की ओर रवाना हुई थी। शहर के रीवा रोड स्थित कारगिल ढाबा के पास एक नियमित यात्री ने बस को रुकवाया और उसमें सवार हो गया।यात्री का सूत्र सेवा में बैठना वहां खड़े एक निजी बस कर्मचारी को इतना नागवार गुजरा कि वह आपा खो बैठा। निजी बस कर्मी तुरंत सूत्र सेवा बस के गेट के अंदर घुस गया और यात्री पर बरस पड़ा। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कर्मचारी इस बात पर यात्री को धमका रहा है कि उसने उसकी (निजी) बस छोड़कर सूत्र सेवा का चुनाव क्यों किया। बहस देखते ही देखते भद्दी गालियों और तीखी नोकझोंक में बदल गई।गनीमत रही कि बस में मौजूद अन्य यात्रियों ने बीच-बचाव किया,वरना विवाद हिंसक रूप ले सकता था।

### सुरक्षा पर सवाल

शहर के मुख्य मार्ग पर दिनदहाड़े हुई इस घटना ने प्रशासनिक दावों की पोल खोल दी है। यात्रियों का कहना है कि आईएसबीटी शिफ्ट होने के बाद से सड़कों पर निजी बस कर्मियों की मनमानी बढ़ गई है। यदि सफर के दौरान यात्री अपनी पसंद की बस चुनने के लिए भी स्वतंत्र नहीं है और उसे गालियां सुननी पड़ रही हैं।

# नागौद पुलिस ने 55 मवेशियों से भरा कंटेनर जब्त, 4 आरोपी गिरफ्तार

सतना।


जिले में अवैध पशु परिवहन के खिलाफ पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। नागौद थाना पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर मवेशियों से लदे एक विशाल कंटेनर को पकड़ा है। इस कार्रवाई में 55 नग भैंस और पड़वा को क्रूरतापूर्वक ले जाते हुए पाया गया। पुलिस ने वाहन सहित करीब 23 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया है।

### क्रूरता की हदें पार,नहीं मिले दस्तावेज

कंटेनर की तलाशी लेने पर पुलिस दंग रह गई। वाहन के भीतर 35 पड़वा और 20 छोटी-बड़ी भैंसें (कुल 55 नग) बेहद क्रूरतापूर्वक ठूस-ठूस कर भरी गई थीं। मवेशियों के बैठने तक की जगह नहीं थी और वे एक-दूसरे से बुरी तरह दबे हुए थे। वाहन चालक और उसके साथियों से मवेशियों के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए,लेकिन वे कोई भी कागज पेश नहीं कर सके।

### इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

पुलिस ने मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है,जो सभी जबलपुर के रहने वाले हैं। इनमें इमरान खान 33वर्ष,निवासी आजाद नगर मोहरिया, जबलपुर,अमीर असरफ 22वर्ष, निवासी मदार टेकरी, जबलपुर, मोहम्मद तौसिफ 22 वर्ष, निवासी मदार टेकरी, जबलपुर और जिसान रजा 18 वर्ष निवासी मदार टेकरी, जबलपुर है।



### घेराबंदी कर पकड़ा कंटेनर

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जबलपुर की ओर से एक कंटेनर क्रमांक एम एच 04GC5032 भारी संख्या में मवेशी लादकर नरैनी की ओर जा रहा है।सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में टीम ने सिंहपुर चौराहे पर नाकाबंदी की। संदिग्ध कंटेनर के आते ही उसे रोककर तलाशी ली गई।

### 23 लाख की जब्ती और मामला दर्ज

पुलिस ने 12 लाख रुपये की कीमत का कंटेनर और करीब 11 लाख रुपये मूल्य के मवेशियों को जब्त कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 और म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 1959 की विभिन्न धाराओं (4,6,9a,10) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय,सउनि. श्याम लाल रावत,आरक्षक विनोद रावत,अतेन्द्र त्रिपाठी और शैलेन्द्र गुर्जर की मुख्य भूमिका रही।

# न्यू मौदहा स्कूल में अभी से छा गया पानी का संकट





### 264 बच्चों पर 'हवा उगलता' हैंडपंप, शौचालय जर्जर, खुले में जाने को मजबूर छात्र

**मैहर।** मैहर के शासकीय प्राथमिक शाला न्यू मौदहा में बुनियादी सुविधाओं की गंभीर कमी सामने आई है। स्कूल हाई स्कूल स्तर तक संचालित होने के बावजूद यहां पर एक मात्र हैंडपंप है वह भी बंद पड़ा है और पानी की जगह हवा उगल रहा है। बताया जा रहा है कि जनवरी माह से हैंडपंप खराब होने के बाद भी अब तक मरम्मत नहीं हो सकी है। शिक्षकों के अनुसार कक्षा 1 से 10 तक लगभग 264 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं,लेकिन स्कूल परिसर में न तो पीने के पानी की समुचित व्यवस्था है और न ही शौचालय उपयोग की स्थिति में हैं। जर्जर और क्षतिग्रस्त शौचालयों के कारण छात्र-छात्राओं को मजबूरन खुले में जाना पड़ रहा है।कुछ बच्चों ने दबी जुबान में बताया कि उन्हें लोटा लेकर जंगल की ओर जाना पड़ता है।

### मध्यान भोजन पर भी संकट

स्कूल में बनने वाले मध्यान्ह भोजन के लिए भी पानी बाहर से लाना पड़ रहा है। रसोइया डिब्बों में पानी भरकर आसपास के निजी घरों से लाती हैं,वहीं कई बच्चे अपने घर से पानी लेकर आते हैं। यह स्थिति न केवल स्वच्छता मानकों पर सवाल खड़े करती है,बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा है। यह समस्या न्यू मौदहा ही नहीं बल्कि ग्राम पंचायत क्षेत्र के कई हैंडपंप भी बंद पड़े हैं। निजी घरों के बोरवेल ही चल रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि क्षेत्र में बाणसागर जैसे जल स्त्रोत मौजूद हैं इसके बावजूद शासकीय बोर हवा उगल रहे हैं और ग्रामीण पानी के लिए भटक रहे हैं।

### अधूरी पड़ी पानी टंकी

बताया जा रहा है कि करोड़ों की लागत से बनी पानी टंकी भी अधूरी पड़ी है और अब तक चालू नहीं हो सकी। इससे गांव में जल आपूर्ति की समस्या जस की तस बनी हुई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सरपंच का कहना है कि यह मामला पीएचई विभाग का है और पंचायत का इससे कोई लेना-देना नहीं है। पीएचई विभाग को सूचना दिए जाने की बात कही गई है,लेकिन जमीनी स्तर पर समस्या का समाधान अब तक नहीं हुआ है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब 264 बच्चों का भविष्य इस स्कूल से जुड़ा है तो आखिर कब तक वे बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहेंगे? प्रशासन और संबंधित विभागों की चुप्पी बच्चों की सेहत और शिक्षा दोनों पर भारी पड़ रही है।

# किराना और खली-चुन्नी की दुकान पर दबिश भारी मात्रा में संदिग्ध ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन जब्त





सतना।

शहर में प्रतिबंधित और मिलावटी दवाओं के विरुद्ध प्रशासन ने एक बार फिर कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। शनिवार को कलेक्टर के कड़े निर्देशों और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में फूड एंड ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर औचक छापेमारी की। इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है।

### किराना स्टोर पर दवाओं का अवैध भंडारण

संयुक्त टीम ने पहले कैलाश किराना स्टोर और उसके पश्चात एक खली-चुन्नी की दुकान पर दबिश दी।नियमानुसार इन दुकानों पर केवल खाद्य सामग्री या पशु आहार बिकना चाहिए,लेकिन टीम को यहाँ भारी मात्रा में पशुओं में इस्तेमाल होने वाले इंजेक्शन बरामद हुए। मौके पर उपस्थित व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने स्वीकार किया कि ये इंजेक्शन दुधारू पशुओं (भैंसों) में दूध उतारने के लिए उपयोग किए जाते हैं। प्रथम दृष्टया इन्हें प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन मानते हुए टीम ने जांच के लिए सैंपल लिए।

### कानूनी कार्रवाई और जब्ती

ड्रग इंस्पेक्टर प्रियंका चौबे ने बताया कि उपलब्ध सामग्री को औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945की विभिन्न धाराओं के तहत जब्त कर लिया गया है।खली-चुन्नी की दुकान से अन्य कई पशु औषधियां भी मिलीं, जिनके विक्रय का कोई वैध लाइसेंस संचालक के पास नहीं था। जब्त किए गए संदिग्ध ऑक्सीटोसिन के नमूनों को परीक्षण के लिए राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। लैब रिपोर्ट में पुष्टि होने के बाद संबंधित दुकानदारों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई और एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### लापरवाही पर फिर कसी नकेल

गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व भी शहर की दवा दुकानों पर व्यापक छापेमारी की गई थी,जिसमें नकली दवाइयां और अवैध नशीली दवाएं पकड़ी गई थीं। बीच में कार्रवाई की गति धीमी पड़ते ही दुकानदारों ने पुनः मनमानी शुरू कर दी थी। शहर में ऐसी कई शिकायतें मिल रही हैं जहाँ लाइसेंस धारी फार्मासिस्ट दुकानों से नदारद रहते हैं। बिना पर्ची के नशीली और प्रतिबंधित दवाएं बेची जा रही हैं। किराना दुकानों से पशुओं को नुकसान पहुँचाने वाले हार्मोनल इंजेक्शन खपाए जा रहे हैं। आज की इस संयुक्त टीम में औषधि निरीक्षक प्रियंका चौबे, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह एवं अभिषेक बिहारी गौर शामिल रहे।

# मैहर में महाकाल लोक की तरह क्यों नहीं किया जा रहा विकासः सेतिया

मैहर।

मैहर में भी महाकाल लोक की तर्ज पर बने मां शारदा लोक बनाया जाना चाहिए। आज मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को सत्ता करते 22 वर्ष हो चुके और इस कार्यकाल में अत्याचार, आदिवासी महिलाओं के साथ दुष्कर्म में नंबर वन बन चुकी है वही विकास के नाम पर जीरों और उदासीन है। उक्त आरोप आज मैहर से कटनी रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बोलते हुए मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बैरासी सेतिया ने कहा कि आज मध्यप्रदेश में 22 सालों से भाजपा को राज करते हो गए जिससे प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है। आज प्रदेश की सरकार कर्ज के रुपयों को लाड़ली लक्ष्मी योजना में बांट कर वाह वाही लूट रही है।



श्रीमती रीना ने कहा कि राज्य सरकार उज्जैन के महाकाल मंदिर पर महाकाल लोक बना सकती है तो फिर मां शारदा मंदिर में ऐसा लोक बनाने का काम क्यों नहीं शुरू किया जा रहा है जबकि प्रदेश में 13स्थानों में इस तरह के लोक बनाए जा रहे है। यहां पर काफी संख्या में मां के भक्तगण दर्शन करने आते है मगर सुविधा के नमा पर कुछ नहीं है। इस ऐतिहासिक मां के मंदिर का लोक के रूप में परिवर्तित करते हुए विकास किया जाना चाहिए। माता की नगरी में भ्रष्टाचार का बोलबाला है जैसे हाल ही में शिक्षा विभाग का घोटाला सामने आया है। इसी तरह मैहर में वायु प्रदुषण की स्थिति खतरनाक लेवल पर जा रही है जिससे आने वाले दिनों में दिल्ली की तरह गंभीर स्थिति न बन जाए इसलिए शहर में वायुप्रदूषण को नियंत्रण में लाने के लिए एक विशेष कार्य योजना बनाई जाने की आवश्यकता है।अन्य शहरों की अपेक्षा मैहर में विकास न के बराबर हो रहा है। अंत में जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस जनहित के मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी और मैहर के समग्र विकास के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

**खबर संक्षेप**

## आदिवासी लड़की के साथ दुष्कृत्य के आरोपियों को 24 घंटे के अंदर पहुंचाया जेल

**पन्ना।** जिले के अमानगंज थाना अन्तर्गत पण्डवन पुल के पास की घटना विगत दिवस की बताई जा रही है पुलिस के द्वारा जिसमें एक आदिवासी लड़की जो पण्डवन घूमने अपने दो दोस्तों के साथ गई वहीं दो लोग जिन्होंने इनको डरा-धमकाकर जबरन लड़की के साथ दुष्कृत्य किया फरियादिया के साथ घटना दोपहर 01:30 विगत दिवस की बताई गई लगभग 6 बजे शाम विगत दिवस की थाना अमानगंज में फरियादिया ने रिपोर्ट की अमानगंज पुलिस ने 24 घंटे के अंदर उक्त आरोपियों को साथ ही मोटर साइकिल सहित धरा गया वहीं वैधानिक कार्यवाही को अंजाम देते हुये माननीय न्यायालय में पेष किया गया जहां से आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया। यहां आदिवासी लड़की के साथ जो दिन-दहाड़े बल पूर्वक दुष्कृत्य का मामला जो किया गया जिसको लेकर पुलिस ने तत्परता पूर्वक कार्यवाही को तो अंजाम दे दिया आखिर यह मामला अपने आप में कहीं न कहीं निष्चिततौर पर सुरक्षा व किस तरह से दोस्ती व वहीं कई तरह के प्रष्न खड़े कर रहे है। आखिर हालात सुरक्षा को लेकर किस तरह से माने जायें जो चिंताजनक है।

## लाड़ली बहनों को मिली फरवरी माह की सहायता राशि



**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को खण्डवा जिले के पंधाना से सिंगल क्लिक के जरिए लाड़ली बहनों को वर्तमान फरवरी माह की आर्थिक सहायता राशि का अंतरण किया। इस मौके पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की महिला हितग्राहियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भागीदारी की तथा मुख्यमंत्री के उद्बोधन को देखा एवं सुना। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारीगण भी मौजूद थे। जिले की सभी ग्राम पंचायतों, ग्रामों और वार्डों में भी कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हुआ। पन्ना जिले की एक लाख 80 हजार 451 लाड़ली बहनों को 26 करोड़ 58 लाख रूपए का भुगतान किया गया।

**मामला दमोह जिले का एम्बलेंस पन्ना जिले में धरी गई**

# एंबुलेंस मरीजों को भले ही समय पर न मिले पर अवैध शराब परिवहन करने में उपयोग

हालात प्रदेष में किस तरह से माने जायें संवेदनषीलता को लेकर एम्बुलेंस का उपयोग अवैध शराब एवं परिवहन को लेकर स्वयं ही पोल खोल रही है स्वास्थ्य विभाग दमोह में जहां एम्बुलेंस हटा थाने में खड़ी रहती थी वहां से पन्ना जिले के महेबा-अमानगंज तरफ जाने में एम्बुलेंस जो धरी गई ड्राइवर सहित तीन आरोपी धरे गये है मामला विवेचना में है पर पर्दाफास पुलिस ने विगत दिवस पन्ना में जो किया उससे संवेदनषीलता की पाल तो खुल ही गई कैसी मानीटरिंग कैसे हालात किस तरह से एम्बुलेंस का हुआ दुर्पयोग।

**पन्ना।**



**पुलिस ने किया पर्दाफाश विवचेना जारी**

विगत दिवस की दास्तां पन्ना पुलिस ने जहां एम्बुलेंस को अवैध शराब के परिवहन व विक्रय को लेकर 10 पेटी अवैध शराब में प्रयुक्त एम्बुलेंस को धरा गया है विगत दिवस 12-13 फरवरी 2026 की दास्तां जहां थाना प्रभारी गुनौर माधवी अग्निहोत्री ने उक्त कार्यवाही को अंजाम दिया जिससे यह पोल खुल गई कि एम्बुलेंस वाहन क्र0 ब्ल 04 छे 7479 जिसमें अनुमानिक 60 हजार रूप्ये की शराब देषी बरामद की गई है। ड्राइवर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया आरोपियों का नाम लोकेन्द्र लोधी पिता नरेन्द्र लोधी निवासी सीलघाट कुम्हारी दमोह, विद्या प्रसाद दहायत पिता जीवन लाल दहायत निवासी कुडई पटेरा दमोह, अभिषेक राजपूत पिता साहब सिंह राजपूत निवासी रनेह दमोह इस तरह से तीन आरोपियों को पन्ना जिले की दमोह थाना पुलिस ने उक्त एम्बुलेंस को अवैध शराब विक्रय परिवहन को लेकर धरा गया है। गौरतलब बात यह है कि उक्त एम्बुलेंस जिला दमोह के हटा थाने में रहती थी साथ ही यहां सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जब एम्बुलेंस का उपयोग शराब के परिवहन व विक्रय में किया जाता था तो एम्बुलेंस स्वास्थ्य विभाग में मरीजों को केसे मिलती रही होगी। इसकी पोल तो खुल ही गई वहीं इस एम्बुलेंस को जय अंबे कंपनी भोपाल से शायद हायर किया गया टेण्डर के माध्यम से सूत्रों की मानें तो वहीं मामले की विवेचना पुलिस के द्वारा की जा रही है। विवेचना उपरांत निष्चिततौर पर पर्दाफास हो जायेगा आखिरकार एम्बुलेंस कितने दिनों से शराब के अवैध कारोबार विक्रय व परिवहन में उपयोग की जाती रही होगी। यह भी सामने आयेगा कि नहीं यह तो आने वाला समय ही बतायेगा विवेचना के उपरांत आखिरकार स्वास्थ्य विभाग ने जहां मरीजों को जान बचाने के लिये समय पर उपचार दिलाने के लिये शासन के द्वार सुविधा बनाई गई वहीं यह सुविधा शराब मफियाओं के लाभ के लिये एम्बुलेंस का उपयोग जो किया गया इसमें किसकी मिली भगत कौन-कौन शामिल आखिरकार हालात किस तरह से कायम है। संवेदनषीलता को झकझोर दिया गया। म0प्र0 में दमोह जिले से जुड़ा हुआ एम्बुलेंस हटा थाने का मामला जहां से तार जुड़े वहीं पन्ना जिले के गुनौर थाने की कार्यवाही ने खोली पोल आगे देखते है क्या होगा विवेचना उपरांत किसकी सह पर किसके सहयोग से चलता रहा यह खेल कब से चल रहा था यह सभी अनसुलझे सवालों के जवाब पुलिस की विवेचना उपरांत ही सामने आ सकते है।

## हरद्वाही में विधायक विकास कार्यों का लोकार्पण करने पहुंचे शिक्षकों ने विद्यालय बंद कर स्कूली बच्चों के सिर पर कलश रखा कर कराया स्वागत



### किसके आदेश पर वार्षिक परीक्षाओं के समय स्कूल बंद करा कर विधायक का कराया स्वागत?



**गुनौर।** जहां मध्य प्रदेश में बच्चों की परीक्षाओं का समय चल रहा है वही जनपद पंचायत गुनौर के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरद्वाही के ग्राम देवगांव में 40 लाख के विकास कार्यों के लोकार्पण का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजेश कुमार बर्मा के आगवन पर स्वागत के लिए स्कूली बच्चों को कलश लेकर खड़ा किया गया साथ ही कार्यक्रम के दौरान बच्चे फर्श पर बैठ कर नेताओं के इसरो पर तालियां बजा कर नारे लगाते रहे जबकि यह समय बच्चों की वार्षिक परीक्षाओं का चल रहा है ऐसे समय में किसके आदेश पर शिक्षकों ने विद्यालय बंद करके बच्चों को अतिथियों के स्वागत के लिए भेजा गया था? जहां मंच संचालन एस एन गर्ग जनपद पंचायत में पदस्थ बीपीओ द्वारा किया गया ऐसे कार्यक्रमों में जहां प्रशासनिक कर्मचारियों सहित मंच पर चुने हुए जनप्रतिनिधियों के साथ सत्ता दल के पदाधिकारी मौजूद रहे परन्तु किसी का ध्यान इस ओर नहीं गया कि बच्चों की परीक्षाओं का समय है ऐसे में उन बच्चों को विकास कार्यों के लोकार्पण जैसे कार्यक्रमों में स्कूल बंद करा कर बैठना उचित है? ऐसे मुद्दों पर शासन प्रशासन को तत्काल संज्ञान में ले कर दोषियों पर वैधानिक कार्यवाही होनी चाहिए।

**आरोपी के कब्जे से 2 नग चोरी की गई भैंसे बरामद**

## थाना सलेहा क्षेत्र से भैंस चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन में थाना सलेहा पुलिस द्वारा भैंस चोरी के प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई 02 नग भैंस बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई है। दिनांक 13/02/2026 को फरियादी सज्जू साहू पिता बारेलाल साहू, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम घुनवारा थाना अमदरा द्वारा थाना सलेहा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्राम बसौरा स्थित उनके खेत से दिनांक 02/01/2026 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा 02 नग भैंस चोरी कर ले गया है फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सलेहा में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध चोरी का अपराध क्रमांक 43/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया। विवेचना दौरान पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। आसपास के लोगों से जानकारी एकत्रित की गई एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किए गए। जिसके फलस्वरूप विश्वस्त मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति घटना स्थल के आसपास भैंसों के साथ देखा गया है। प्राप्त सूचना एवं संदेह के आधार पर पुलिस टीम द्वारा संदेही व्यक्ति को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूंछताछ की गई। पूँछताछ पर उक्त व्यक्ति द्वारा अपना नाम पता विनोद पाल निवासी भरौली नदिया टोला थाना अमदरा को पकड़कर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान संदेही द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया। आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर चोरी गई 02 नग भैंस को विधिवत किया जाकर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। बरामद भैंसों को आवश्यक कार्यवाही उपरांत फरियादी के सुपुर्द किया गया। प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है।

**सराहनीय योगदान-** उप निरीक्षक बलबीर सिंह (थाना प्रभारी सलेहा), सउनि भैयामन सिंह, प्रधान आरक्षक गोविन्द सिंह, आरक्षक रियाज मोहम्मद, आरक्षक राजेश प्रजापति, आरक्षक आर. देवराज गौतम एवं आरक्षक भरत पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## अमानगंज क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे विधायक राजेश वर्मा फैंस क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट में पन्ना धाकड़ ने लक्ष्मण इलेवन को 15 रनों से हराकर किया बाहर




**अमानगंज।** विधायक राजेश वर्मा फैंस क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पन्ना धाकड़ और लक्ष्मण इलेवन के बीच रोमांचक क्रिकेट मैच खेला गया। इस मुकाबले में फाइनल की प्रबल दावेदार मानी जा रही लक्ष्मण इलेवन को पन्ना धाकड़ टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 रनों से पराजित कर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।



मैच के दौरान मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ मौजूद रही और खेल को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया। इस क्रिकेट मैच में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, वृद्धजन एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना की सराहना की। मैच की कमेंट्री का जिम्मा विनय दहायत एवं अमन उरमलिया ने संभाला, जिनकी रोचक और जीवंत कमेंट्री ने दर्शकों का उत्साह और बढ़ा दिया। वहीं मैच में अंपायर की भूमिका ललित सिंह एवं लकी राजा, साथ ही ललन तिवारी द्वारा निभाई गई, जिन्होंने निष्पक्ष निर्णय देकर मैच को सुचारू रूप से संपन्न कराया। कार्यक्रम के आयोजन में आयोजन समिति के सदस्य मनीष तिवारी, मांगू पाठक एवं सुजय राजा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और टूर्नामेंट को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। टूर्नामेंट का यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें पन्ना धाकड़ टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन कर जीत दर्ज करते हुए आगे के मुकाबलों के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की।

## अमानगंज पहुंचे खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



**अमानगंज।** क्षेत्रीय खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के अमानगंज आगमन पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा नगर परिषद गेट के सामने भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी ने किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद विष्णुदत्त शर्मा का फूल-मालाओं से अभिनंदन कर संगठनात्मक मजबूती का संदेश दिया। कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद दुबे के जन्मदिन को लेकर भी सभी कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी, दशरथ गुप्ता, मस्त राम राजपूत, मुकेश चौबे, संजय तिवारी, गुड्डू खटीक, रामकुमार गुप्ता, प्रेम नारायण शर्मा सहित नगर के बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया और संगठन के प्रति एकजुटता का माहौल बना रहा।




## चौकी मैदान खोरा में भव्य वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन, ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया शुभारंभ

**पन्ना।**

माँ अन्नपूर्णा वालीबाल क्लब खोरा द्वारा चौकी मैदान, खोरा में भव्य वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह रहे। उन्होंने फीता काटकर टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में श्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिलता है और खेल भावना को बढ़ावा मिलता है। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन का भी सराहनीय योगदान रहा। ग्रामीणों की उपस्थिति और खिलाड़ियों के उत्साह से चौकी मैदान खेलमय वातावरण में गूंज उठा। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## बृजपुर में सामाजिक सुरक्षा शिविर का आयोजन संपन्न



40 पात्र लोगों को मिला लाभ, लाखो रूपये का भविष्य में मिलेगा फायदा

**पन्ना।** जनपद पन्ना ग्राम पंचायत बृजपुर के ग्राम धनोज एवं बृजपुर में सामाजिक सुरक्षा शिविर का आयोजन समर्थन संस्था द्वारा रिलायन्स फाउन्डेसन के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें आदिवासीओ व दलित समाज के साथ अन्य लोगो को लाभ मिल 40 पात्र सदस्यो को योजना का लाभ दिया गया। 40 आयुष्मान, संबल में पजीयन एवं आभाकार्ड बनाये गये। शिविर का आयोजन लगातर संस्था के द्वारा किया जा रहा है कल दिनांक 13 फरवरी को बृजपुर में शिविर किया गया। जहां पर 4 से 5 गांव के लोग शामिल रहे। गांव में सूचना डोड़ी के माध्यम से दी गई। लोगो को योजना का लाभ मिला। समर्थन संस्था से कियोस्क मनेजर अर्जुन एवं सतीष सिंगरोल आनलाईन योजनाओ का लाभ दे रहे है। विस्तार कार्यकर्ता सुग्रीव,उमेंश,विजयकांन्त,रोहिणी,शिखा, नवनीत पूरा सहयोग कर रहे है। ग्राम के लोगों ने समर्थन संस्था की सराहना की और प्रशासन से अपेक्षा किया की दूर दराज के गांव में शिविर के आयोजन किये जाना चाहिए। शिविर में आम नागरिको आंनलाईन पोर्टल की सेवा मिल सकती है उनके पैसे एवं समय की बत भी होती है।

Vulture Friendly
Gaushala

## दक्षिण पन्ना वन मण्डल की पहल "वल्चर फ्रेंडली गौशाला" स्व-प्रमाणन

### पवई की श्री विद्यासागर गौशाला ने गिद्ध संरक्षण के लिए अपनाई सुरक्षित पशु-चिकित्सा पद्धतियाँ

**पवई।** मध्य प्रदेश वन विभाग के दक्षिण पन्ना वनमण्डल द्वारा गिद्ध संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु टनसजनतम थ्तपमदकसल ळंनेींसं प्रमाणन पहल शुरू की गई है। इस पहल का उद्देश्य गौशालाओं में ऐसी पशु-चिकित्सा एवं प्रबंधन पद्धतियों को सुनिश्चित करना है, जिनसे गिद्धों को हानिकारक दवाओं के अवशेषों से होने वाले खतरे से बचाया जा सके और उनके प्राकृतिक संरक्षण को मजबूती मिले। इस पहल के अंतर्गत पवई स्थित श्री विद्यासागर गौशाला दक्षिण पन्ना वनमण्डल की पहली स्व-प्रमाणित "वुल्चर फ्रेंडली गौशाला" बनी है। गौशाला की ओर से यह स्व-प्रमाणन पत्र श्री विद्यासागर गौ रक्षा एवं संवर्धन समिति के अध्यक्ष नितिन कुमार जैन द्वारा हस्ताक्षरित किया गया है, जिसमें गिद्ध संरक्षण के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। स्व-प्रमाणन के अनुसार गौशाला में पशुओं के उपचार, देखरेख एवं प्रबंधन में केवल गिद्धों के लिए सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल पद्धतियों का पालन किया जाता है। गौशाला प्रबंधन ने यह सुनिश्चित किया है कि क्पबसवमिदंब, ।बमबसवमिदंब, ज्ञमजवचतवमिद तथा छपउमेनसपकम जैसी गिद्धों के लिए घातक प्रतिबंधित दवाओं का उपयोग नहीं किया जाएगा। आवश्यकता होने पर केवल सुरक्षित दवाएं जैसे डमसवगपबंउ या ज्वसमिदंउपब बपक ही पंजीकृत पशु चिकित्सक की सलाह से प्रयोग की जाएंगी तथा मृत पशुओं के निस्तारण में भी ऐसी व्यवस्था अपनाई जाएगी जिससे गिद्धों को हानिकारक अवशेष न मिलें। इसके साथ ही गौशाला द्वारा गिद्ध संरक्षण से संबंधित जागरूकता कार्यक्रमों में भागीदारी, ग्रामीणों एवं गौसेवकों को सुरक्षित दवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित करना तथा वन विभाग के संरक्षण प्रयासों में सहयोग करने की सतत प्रतिबद्धता भी जताई गई है। वन विभाग को आशा है कि इस पहल से अन्य गौशालाएं भी प्रेरित होंगी और क्षेत्र में गिद्ध संरक्षण के प्रयासों को व्यापक जनसहयोग प्राप्त होगा।

## दो दिवसीय शिविर में वरिष्ठजनों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण




**पन्ना।**

आयुष विभाग द्वारा गहरा एनएमडीसी स्थित वृद्ध आश्रम में वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए दो दिवसीय शिविर लगाया गया। इस अवसर पर शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम भी हुआ। डॉ. दुर्गा त्रिपाठी ने वृद्धाश्रम के बारे में संक्षिप्त उद्बोधन दिया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. रितु द्विवेदी द्वारा शिविर के उद्देश्य और रूपरेखा के संबंध में अवगत कराया गया। इस क्रम में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज तिवारी ने आयुर्वेद के सिद्धांत एवं वात, पित्त व कफ दोष के विषय में और मनोरोग चिकित्सक डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने मानसिक रोग से बचाव के लिए सेवा व देखभाल के तरीके व उपाय संबंधी जानकारी दी। पेंशनर संघ के मुरारीलाल थापक द्वारा शिविर की प्रशंसा कर आगामी दिवसों में भी कैम्प आयोजन का अनुरोध किया गया। गत गुरूवार को शिविर का शुभारंभ वृद्धजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ हुआ, जबकि समापन दिवस पर शुक्रवार को शिविर प्रभारी डॉ. विवेक कुमार चौबे ने आहार-विहार, दिनचर्या और ऋतुचर्या विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। वरिष्ठजनों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी किया गया। शिविर में सामाजिक न्याय विभाग से राकेश अग्निहोत्री, संतोष मिश्रा, जगदीश खरे, राजेश जैन, प्रमोद पाठक, देवीप्रसाद दीक्षित, फार्मासिस्ट प्रेमा प्रजापति, दवासाज नरेन्द्र कुमार त्रिवेदी एवं सतेन्द्र मोहन श्रीवास, योग प्रशिक्षक इंद्रप्रकाश, योगा सहायक अर्पिता त्रिवेदी एवं आयुष विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अजयगढ़ नगर में अवैध शराब बिक्री का जाल, हर वार्ड में पैकारी; आबकारी विभाग पर निष्क्रियता के आरोप




**पन्ना।** नगर के विभिन्न वार्डों में अवैध रूप से शराब बिक्री का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि लगभग हर मोहल्ले में खुलेआम पैकारी संचालित हो रही है, जिससे नगर का माहौल बिगड़ता जा रहा है। शराब के सेवन के बाद आए दिन विवाद और झगड़ों की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे आमजन में आक्रोश व्याप्त है। बताया जा रहा है कि अवैध शराब कारोबार से जुड़े लोगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि बिना किसी डर के रिहायशी इलाकों में भी बिक्री की जा रही है। महिलाओं और बुजुर्गों ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि शाम होते ही कई स्थानों पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है, जिससे परिवारों को असुविधा और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों का आरोप है कि संबंधित विभाग द्वारा केवल दिखावटी कार्रवाई की जाती है। कभी-कभार 10-20 पाव जब्त कर औपचारिकता पूरी कर ली जाती है, लेकिन बड़े स्तर पर चल रहे नेटवर्क पर प्रभावी रोक नहीं लगाई जा रही। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध शराब बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि नगर में कानून व्यवस्था और सामाजिक वातावरण को सुरक्षित रखा जा सके।

# उद्यमिता से ही सबका साथ सबका विकास संभव: प्रो.योगेश उपाध्याय, कुलगुरु

## वाणिज्य विभाग की राष्ट्रीय संगोष्ठी में पहले दिन हुआ सार्थक मंथन, 10 पेपर हुए प्रेजेंट

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर की वाणिज्य अध्ययनशाला एवं शोध केंद्र द्वारा विकसित भारत विजन-2047 में उद्यमिता की भूमिका विषय पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.राकेश कुशवाहा की अध्यक्षता एवं आईटीएम विश्वविद्यालय, ग्वालियर के कुलगुरु प्रो.योगेश उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में विश्वविद्यालय के नेवी हाल में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ समारोहपूर्वक हुआ। संगोष्ठी के पहले दिन प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) द्वारा पोषित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन वंदन के साथ हुआ।तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। आमंत्रित विद्वानों सारगर्भित व्याख्यानों के साथ साथ दस प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्रों की प्रस्तुति दी।



वाणिज्य विभागाध्यक्ष एवं डीन प्रो बीके अग्रवाल ने पुष्पमाला, शॉल, श्रीफल से अतिथियों का सत्कार किया गया तथा सेमिनार की रूपरेखा व थीम पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आईटीएम विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो योगेश उपाध्याय ने उद्बोधन में कहा कि विकसित भारत के चार स्तंभ- नारी शक्ति, युवा, अन्नदाता व गरीब सशक्त हो, तभी भारत विकसित राष्ट्र का सपना 2047 में पूरा कर पाएगा। वास्तव में उद्यमिता से ही सबका साथ सबका विकास संभव है। इस अवसर पर महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो राकेश कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शोध,उद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति का विकास आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करेगा तथा विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ कौशल विकास से भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र की श्रेणी में पहुंचाएगा।

कार्यक्रम के प्रथम तकनीकी सत्र में उज्जैन से पधारे प्रो.शैलेंद्र भारल ने अपने विचारों को प्रकट करते हुए उद्यमिता के उद्देश्य, महत्व, भारत के आर्थिक विकास में योगदान पर प्रकाश डाला और स्पष्ट किया कि विकसित राष्ट्र के सपने की साकारता के लिए समाज के सभी वर्गो के विकास के लिए उद्यमिता अति आवश्यक है। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी से पधारे प्रो.अतुल गोयल ने भारत में उद्यमिता के प्राचीन ऐतिहासिक तथ्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि वास्तव में महाराज भागीरथ भारत के प्रथम उद्यमी कहे जा सकते हैं जो भारत की धरा पर गंगा को लाए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार उद्यमी संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाएं तथा बैंक द्वारा उद्यमी को आसान व लचीले ऋण स्वीकृत प्रक्रियाओं को बढ़ावा दे रही है।

इस अवसर पर नेपाल के प्रसिद्ध वाणिज्यविद प्रो. विश्वेश्वर आचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि उद्यमी बनने के लिए युवाओं में उद्यमिता के प्रति इच्छा, विचार व सकारात्मक दृष्टिकोण आवश्यक है। नेपाल और भारत के द्विपक्षीय समझौते से उद्यमिता विकास में बहुत क्षेत्र हैं जो दोनों देशों के आर्थिक विकास में सहायक होंगे।

द्वितीय तकनीकी सत्र में वाणिज्य के पूर्व प्राध्यापक प्रो. डीपी शुक्ला ने उद्यमिता को आर्थिक विकास की रीढ़ बताया व युवाओं में उद्यमी गुणों के सृजन पर बल दिया। पूर्व प्राध्यापक डॉ प्रभा अग्रवाल ने देश में उद्यमिता की आवश्यकता व आर्थिक विकास में उद्यमिता के योगदान को स्पष्ट किया। पूर्व प्राध्यापक डॉ सुमति प्रकाश जैन ने अपने उद्बोधन में स्पष्ट किया कि युवाओं के लिए केवल किताबी ज्ञान आवश्यक नहीं है उनमें हुनर भी आवश्यक है। युवाओं को सरकारी नौकरियों की तरफ आकर्षित होकर भागना नहीं चाहिए बल्कि अपने हुनर व योग्यताओं से स्वयं के व्यवसाय की ओर अग्रसर होना चाहिए। इसके साथ ही सेमिनार के प्रथम दिन 10 शोधार्थियों द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

# अपहरण के मामले में आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा एवं अर्थदण्ड

### अपर सत्र न्यायधीश ने सुनाया फैसला आरोपी देवेन्द्र सिंह एवं प्रमोद सिंह

**छतरपुर।** अभियोजन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रामलखन ने थाना जुझारनगर में रिपोर्ट लेख करायी कि वह ग्राम खुड़ेरी में रहता है। गांव के देवेन्द्र सिंह से उसके बड़े भाई मुन्ना उर्फ देवीप्रसाद अग्निहोत्री ने जमीन की रजिस्ट्री कराने के नाम पर कुछ रूपये लिए थे, अभी रजिस्ट्री नहीं हुई है। देवेन्द्र सिंह के रूपये भी वापिस नहीं कर पाए है। दिनांक 11.05.2019 को दिन के करीब 03 बजे होंगे कि देवेन्द्र सिंह और उसका भाई प्रमोद सिंह तथा उनके साथ दो अज्ञात व्यक्ति एक सफेद रंग की चार पहिया गाड़ी से आये, उसके फाटक खुले थे तो चारो लोग उनके घर में घुस कर उसके बड़े भाई मुन्ना उर्फ देवीप्रसाद को पकड़कर गाड़ी में बिठाकर कहीं ले गए। पूछने पर देवेन्द्र सिंह कह रहा था कि जब जमीन की रजिस्ट्री करवा दोगे तब इसे छोड़ेगे। यह लोग उनकी मूल्यवान जमीन को कम रूपये में प्राप्त करना चाहते है। इसीलिए उसके भाई को कहीं अज्ञात जगह में छिपाकर रखे हैं और उसका अपहरण जबरन कर ले गए हैं। उस समय मौके पर गांव के मोहन सिंह, दद्दू सिंह और उज्जवल सिंह ने देखा है। फरियादी द्वारा लेख करायी गयी उक्त रिपोर्ट को देहाती नालशी के रूप में लेख किया गया। उक्त देहाती नालशी के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना जुझारनगर में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की गयी। दौरान विवेचना फरियादी एवं अन्य साक्षीगण के कथन लिए गए। अपहर्त देवीप्रसाद की दस्तयाबी की गयी। अभियुक्तगण के मैमोरेण्डम कथन लिए गए। मेमोरेण्डम कथन के आधार पर अभियुक्तगण से प्रकरण से संबंधित सम्पत्ति जब्ती की गयी तथा अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की शिनाख्ती करायी गयी। सम्पूर्ण अनुसंधान उपरान्त अभियुक्तगण के विरूद्ध संबंधित न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये जिला स्तरीय समिति द्वारा चिन्हित जघन्य सनसनीखेज अपराध की श्रेणी में रखा गया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक, सुखेन्द्र सिंह परिहार द्वारा की गई। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक/एडीपीओ किशोरी लाल प्रजापति ने पैरवी करते हुये मामले के सभी सबूत एवं गबाह कोर्ट में पेश किये विचारण उपरांत अपर सत्र न्यायाधीश के अतिरिक्त न्यायाधीश मोहम्मद अरशद तहसील लवकुशनगर जिला छतरपुर के न्यायालय ने आरोपी देवेन्द्र सिंह एवं प्रमोद सिंह को भादवि की धारा 364 क में आजीवन करावास, धारा 347 में 1 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 450 में 4 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 365 में 3 वर्ष के सश्रम कारावास से एवं 2000-2000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# कलेक्टर से मिलने पहुंचे केन-बेतवा परियोजना के विस्थापितों की आवाज उठाने वाले अमित भटनागर

**छतरपुर। केन-बेतवा लिंक परियोजना के विरोध में चल रहे आंदोलन के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर ने शनिवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल से मुलाकात की। अमित भटनागर ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर परियोजना से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।**



अमित भटनागर ने खास तौर पर आंदोलन के दौरान महिलाओं पर हुए लाठीचार्ज और घायल महिलाओं के उचित उपचार व न्याय के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों से ग्राम सभाओं की सहमति, पारदर्शिता और कानून के पालन को लेकर प्रशासन को बार-बार ज्ञापन दिए गए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के बावजूद प्रशासन ने बल प्रयोग किया, जिससे कई महिलाएं घायल हो गईं। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने पूरी घटना की निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी स्तर पर दोष सिद्ध होता है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि परियोजना से जुड़े सभी कार्य कानून के दायरे में और पूरी पारदर्शिता के साथ किए जाएंगे। प्रभावित आदिवासियों और परिवारों के विस्थापन के मामले में संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाया जाएगा।

# छतरपुर में 7वें कन्या विवाह महोत्सव के अवसर पर संकल्प दीर्घा का शुभारंभ

**छतरपुर। विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ श्री बागेश्वर धाम में चल रहे सप्तम कन्या विवाह महोत्सव के पावन अवसर पर बागेश्वर धाम परिसर में संकल्प दीर्घा का शुभारंभ किया गया। पूज्य बद्री नाथ वाले महाराज जी एवं अयोध्या से पधारे राजूदास जी महाराज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसकी शुरुआत की।**




यह संकल्प दीर्घा पूज्य गुरुदेव बागेश्वर सरकार पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के जीवन पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी है। पिछले छह वर्षों से पेप्टेक परिवार द्वारा लगाई जा रही इस प्रदर्शनी में इस वर्ष महाराज श्री के संघर्षपूर्ण जीवन, अभावों से भरे बचपन, हिंदू एकता के प्रति उनके दृढ़ संकल्प, वर्तमान में संचालित विभिन्न सेवा प्रकल्पों तथा राष्ट्र उत्थान के भविष्य दृष्टिकोण को विस्तार से प्रदर्शित किया गया है। श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ अब यह संकल्प दीर्घा खोल दी गई है।

# पुलिस ने 211 मोबाइल फोन ट्रैक कर धारकों को सौंपे



**छतरपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक अगम जैन के कुशल नेतृत्व में चल रहे ऑपरेशन विश्वास ने एक बार फिर जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत किया है। पुलिस ने पिछले एक महीने में सक्रियता दिखाते हुए 110 गुम मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जबकि वर्ष 2026 में अब तक कुल 211 मोबाइल फोन ट्रैक कर धारकों को सौंपे गए हैं। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये है। प्रेस कॉन्फ्रेंस हॉल में आज एसपी अगम जैन ने स्वयं मोबाइल धारकों को उनके खोए हुए फोन सुपुर्द किए। मोबाइल वापस पाकर लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कई धारकों ने बताया, हम तो अपने मोबाइल मिलने की उम्मीद पूरी तरह छोड़ चुके थे। पुलिस की इस कार्यप्रणाली ने हमारा भरोसा जीत लिया है। ऑपरेशन विश्वास के तहत तकनीकी सेल की मदद से सीईआईआर पोर्टल और अन्य माध्यमों से मोबाइल ट्रैकिंग की जा रही है। इस अभियान से न केवल अपराधियों में खौफ पैदा हुआ है, बल्कि आमजन की खोई हुई संपत्ति वापस लौटाने में भी तेजी आई है। एसपी अगम जैन ने जनता से अपील की है कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने पर तुरंत नजदीकी थाने में सूचना दें या सीईआईआर पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज कराएं। समय रहते सूचना देने से तकनीकी मदद से फोन ट्रैक करना आसान हो जाता है।

## एनक्वास असेसमेंट के समापन पर कलेक्टर ने की सहभागिता

# नेशनल एवं स्टेट असेसर टीम द्वारा जिला चिकित्सालय का एनक्वास एवं कायाकल्प असेसमेंट

### कलेक्टर ने कहा कि पाई गई कमियों को दूर करने के साथ साथ उनको सस्टेन रखें

छतरपुर।

**14 फरवरी 2026 को जिला चिकित्सालय छतरपुर के पंचम तल पर एनक्वास एवं कायाकल्प असेसमेंट का समापन समारोह कलेक्टर पार्थ जैसवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें नेशनल टीम एवं स्टेट टीम के असेसर के साथ साथ एसडीएम अखिल राठौर, सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता, सिविल सर्जन शरद चौरसिया, जिला चिकित्सालय छतरपुर की क्वालिटी टीम के समस्त सदस्य, समस्त विशेषज्ञ, चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर्स, मैट्रन इंचार्ज नर्सिंग आफिसर, पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।**



जैसा कि विदित है नेशनल असेसर एवं स्टेट असेसर टीम के द्वारा 12 से 14 फरवरी 2026 तक जिला चिकित्सालय छतरपुर का एनक्यूएएस एवं कायाकल्प असेसमेंट किया गया। जिसमें नेशनल टीम की ओर से डॉ. अमिता गर्ग, डॉ. इन्द्रा राठौर, डॉ. शशि महावर एवं स्टेट टीम की ओर से डॉ. विवेक मिश्रा एवं सुश्री शिवांगी उपस्थित रहे। असेसमेंट में उक्त टीमों द्वारा जिला चिकित्सालय छतरपुर में ओ.पी.डी. एवं आई.पी.डी. व्यवस्था, समस्त ऑपरेशन थियेटर, लेबर रूम, एस.एन.सी.यू., पीडिया वार्ड, आई.सी.यू., इमरजेंसी, किचन, मैकेनाईज्ड लाण्ड्री, पोस्टमार्टम कक्ष, आई.पी.एच.एल. लैब, ब्लड बैंक, रेडियोलॉजी, ड्रग स्टोर एवं कार्यालय व जनरल एडमिनिस्ट्रेशन एवं संधारित रिकॉर्ड आदि कुल 20 विभागों का निर्धारित मापदंडों चेकलिस्ट के अनुसार निरीक्षण किया गया।

असेसमेंट के समापन समारोह पर कलेक्टर श्री जैसवाल ने कहा कि जिला चिकित्सालय छतरपुर में मरीजों को दी जाने वाली चिकित्सीय एवं अन्य सेवाओं की गुणवत्ता की निरन्तरता बनाएं रखें। उन्होंने कहा कि अस्पताल में असेसमेंट में पाई गई कमियों को दूर करने के साथ साथ उनको सस्टेन रखना है। उन्होंने विगत माह में शून्य मृत्यु दर होने पर जिला अस्पताल प्रबंधन की तारीफ भी की। साथ ही एसएनसीयू, पीआईसीयू, ब्लड बैंक, पैथोलॉजी जांच एवं ओपीडी में मिलने वाली सेवाओं की सराहना की और समस्त डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा जिला अस्पताल में लोड अधिक है उसके बाद भी बेहतर सेवाएं दी जा रहीं है। कलेक्टर के द्वारा जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं में करवाए गए सुधार एवं प्रशासनिक सहयोग के प्रति सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया द्वारा जिला चिकित्सालय की समस्त टीम की ओर से आभार प्रकट किया।

# हर्रई तिगैला में 23 पेटी अवैध शराब जब्त, ढाई लाख की खेप पकड़ी




छतरपुर।

जिले की गढ़ीमलहरा पुलिस ने कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के हर्रई तिगैला में क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस ने तस्करी की जा रही 23 पेटी कुल 206 लीटर अवैध शराब जब्त की। इस खेप की अनुमानित कीमत करीब ढाई लाख रुपये बताई जा रही है। मौके से एक विधि विरुद्ध किशोर को अभिरक्षा में ले लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि शराब को चार पहिया वाहन से उतारा गया था। पुलिस ने रोहित राजा सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# 56 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई बोर्ड परीक्षा, 3912 विद्यार्थी रहे उपस्थित

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल एवं जिला पंचायत सीईओ (नोडल अधिकारी परीक्षा) के मार्गदर्शन में जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2026 के अंतर्गत 14 फरवरी 2026 को जिला छतरपुर के 56 परीक्षा केंद्रों पर हायर सेकेण्डरी (कक्षा 12वीं) विषय बायोटेक्नॉलोजी, गायन-वादन, तबला-पखावज तथा हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) के एनएसक्यूएफ के समस्त विषय एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की परीक्षा आयोजित की गई।आयोजित परीक्षा में कुल 3955 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 3912 छात्र उपस्थित रहे, जबकि 43 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान जिले में किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ,

कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में विकासखंडवार गठित निरीक्षण दलों द्वारा परीक्षा केंद्रों का सतत निरीक्षण किया गया। अनुविभागीय अधिकारी बड़ामलहरा के दल ने 2, अनुविभागीय अधिकारी गौरिहार के दल ने 2, अनुविभागीय अधिकारी नौगांव के दल ने 1, तहसीलदार बकस्वाहा के दल ने 3 तथा तहसीलदार राजनगर के दल ने 2 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लवकुशनगर के दल द्वारा 1 परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया।जिला शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण दल ने 4 एवं सहायक संचालक (शिक्षा) के निरीक्षण दल ने 3 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सभी निरीक्षण दलों द्वारा माध्यमिक शिक्षा मण्डल के एप के माध्यम से निरीक्षण प्रविष्टि ऑनलाइन की गई, जिसकी मॉनिटरिंग माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं नोडल अधिकारी परीक्षा द्वारा की गई।

# पुलवामा शहीदों को स्कूली बच्चों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## महर्षि स्कूल के छात्रों ने दो मिनट मौन, मोमबत्ती जलाकर शहीदों को किया याद




**छतरपुर। 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हुए भयंकर आतंकी हमले में शहीद हुए 40 वीर जवानों की स्मृति में यहां शनिवार को एक भावुक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।**

महर्षि स्कूल के छात्रों ने शहर के व्यस्त कॉलेज तिराहे पर सुबह 11 बजे यह कार्यक्रम आयोजित किया। बच्चों ने शहीदों की स्मृति में मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट का मौन रखा और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कई छात्रों की आंखें नम हो गईं। छात्रों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत गाए और भावपूर्ण शब्दों के माध्यम से अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि शहीदों का बलिदान देश कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने युवा पीढ़ी से अपील की कि वे इन वीरों के जीवन और कुर्बानी से प्रेरणा लेकर देशसेवा के लिए सदैव तत्पर रहें। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों, शिक्षकों और उपस्थित लोगों ने एक साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने का दृढ़ संकल्प लिया।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**
क्रमांक क//वाचक/अति-कले/2026,
बिलासपुर, दिनॉक 29.01.2026

श्री धीरज अवस्थी आत्मज स्व. जगदीश प्रसाद माता स्व. श्रीमती रामकली (बड़े भाई-श्री नीरज अवस्थी पिता स्व.जगदीश प्रसाद अवस्थी) उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम उदयपुरा वा.क्रं.12 थाना खजुराहो तहसील राजनगर जिला-छतरपुर म.प्र. एवं (तलाकशुदा) दुर्गा चौधरी पिता स्व. शिवप्रसाद चौधरी माता श्रीमती श्याम बाई चौधरी उम्र 47 वर्ष निवासी वा.क्रं. 29 मस्जिद के पास तारबाहर थाना तारबाहर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा- 5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/ दावा इस कार्यालय में दिनॉक 09.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।




धीरज अवस्थी दुर्गा चौधरी

**अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

# निर्माण की मॉनिटरिंग करने के लिए तैनात ग्लोबल इंजीनियर कर रहे खाना पूर्ति

**भौगोलिक संरचना का सर्वे किये बगैर केसीसी कंपनी ने पाट दी मिट्टी, निर्माणाधीन बायपास में कंपनी की मनमानी के कारण चलना हुआ मुश्किल**

रीवा।

चोरहटा से रतहरा तक बाईपास फोर लेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है जो अब लागों के लिए सिरदर्द साबित हो रहा है। निर्माण करने वाली कंपनी केसीसी की लापरवाही का खमियाजा वाहन चालको को भुगतना पड़ रहा है। आलम यह है कि सडुक के किनारे बसे ग्रामीण भी वाहनो के चलने नही अधिकारी भी सड़क बनाने की वजह से निकलने वाली धूल लोगो को बीमार कर रही है। यही वाली निर्माण कंपनी को लेकर सख्ती नही रि पा रही है। हालाकी खानापूर्ति करने के लिए एकाध बार नोटिश जारी तो किया गया लेकिन कंपनी द्वारा अब तक काम में कोई तेजी नही लाई जा रही है। बात यह है कि हाइवे के नीचे बनाए तेजी नही लाई जा रही है। खास जा रहे अंडर पास भी जानलेवा साबित हों रहे है। कई बार तो सड़क हादसे भी हो चुके है लेकिन इसके बाद भी काई ठोस पहल नही की जा रही है।एमपीआरडीसी द्वारा बायपास निर्माण की मॉनिटरिंग के लिए ग्लोबल इंजीनियरिंग को तैनात किया गया है लेकिन य इस फर्म का कहीं पता नहीं है। केसीसी कंपनी द्वारा निर्माण में की जा रही लापरवाही के कारण एमपीआरडीसी के महाप्रबंधक द्वारा नोटिस भी जारी किया गया है। इसके बावजूद कंपनी के रवैये में कोई सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। गौरतलब है कि भौगोलिक संरचना का सर्वे किये बगैर केसीसी कंपनी द्वारा सड़क निर्माण के लिए अत्यधिक मिट्टी पाट देने के कारण बायपास होकर चलना जानलेवा हो गया है, जबकि ठेके की



प्रमुख शर्त यह है कि सड़क पर आवागमन बाधित नहीं होना चाहिए। जिन मार्गों का अंडरपास बनकर तैयार हो गया है वहां भी कांक्रीट स्लैब के गैप में मिट्टी पाटने के कारण धूल उड़ती है।सिरमौर मार्ग का डायवर्सन बेहद खराब अंडरपास से होकर आने जाने वाले लोग दिन में किसी तरह बचकर निकल जाते हैं लेकिन रात के समय रोजाना कई लोग गिर कर चोटिल हो रहे हैं। हर मार्ग पर जहां अंडरपास का निर्माण अधूरा है, वहां बनाये गये डायवर्सन बेहद खराब हैं। यही नही सिरमौर मार्ग पार बनाए जा रहे अंडरपास में तो सुरक्षा की भी अनदेखी की जा रही है। कंपनी द्वारा नियमो को ताक पर रखकर काम कराया जा रहा है यहां पर सुरक्षा मानको का खुला उल्लंघन हो रहा है। इसके बाद भी अधिकारी कपनी पर मेहरबान है।सड़क किनारे खोद दी खाईचोरहटा से रतहरा तक किये जा रहे फोरलेन बायपास सड़क का निर्माण लोगों के लिए प्रारंभ से ही आफत ए बना हुआ है। वर्तमान में बायपास मार्ग पर के वाहन लेकर चलना बेहद खतरनाक हो गया त है। इसका निर्माण कर रही केसीसी कंपनी के की मनामानी के कारण कहीं पर सड़क के किनारे खाई खोद दी गई है तो कहीं पर व मलबे का टीला खड़ा कर दिया गया है। निर्माणाधीन सड़क पर पानी की सिंचाई नहीं न्य किये जाने से दिनरात धूल उड़ती है। बायपास का बेतरतीब निर्माण देखकर ऐसा लगता है कि इसकी मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है। कच्चा डायवर्सन बेहद खतरनाकसड़क निर्माण के लिए चोरहटा से रतहरा तक प्रत्येक अंडरपास के बगल में एक और अंडरपास का निर्माण का निर्माण किया जा रहा है। इन अंडरपास से आने जाने वालों की सुविधा के लिए कंपनी द्वारा बायपास के ऊपर से जो डायवर्सन मार्ग तैयार किये गये हैं, वे सभी के सभी कच्चे बनाये गये हैं जिसके कारण वाहनों का बायपास पार असंभव हो गया है। बायपास में अजगरहा, दुआरी, मैदानी, गोडहर अंडरपास निर्माण स्थलों में कच्चे डायवर्सन का निर्माण करने के कारण दर्जनों गांवों के वाहनों का जिला मुख्यालय आना बेहद मुश्किल हो गया है। गौर करने वाली बात यह है कि कई बार ग्रामीणों द्वारा यहां पर सुधारह्न कराए जाने अधिकारियों से कहा लेकिन उनकी समस्या को कोई सुनने वाला नहीं है।

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रदेशवासियों को दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएँ

**रीवा।** उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने समस्त प्रदेशवासियों को पावन पर्व महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी है। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का यह पवित्र पर्व भगवान शिव की आराधना, तप, संयम और आध्यात्मिक जागरण का प्रतीक है। यह उत्सव हमें सत्य, करुणा और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बाबा महाकाल से सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की है। उन्होंने कामना की है कि यह पावन पर्व प्रदेश में खुशहाली, उन्नति और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आए।

### उप मुख्यमंत्री ने शिव बाबा रथयात्रा का किया शुभारंभ

**रीवा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्राम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शिव बाबा रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रजापिता ब्राम्हकुमारी विश्वविद्यालय आश्रम से आरंभ हुई। शिव बाबा रथयात्रा को हरी झण्डी दिखाई। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भगवान शिव संहार से साथ-साथ कल्याण के देवता हैं। भक्तों की भक्ति से शीघ्र प्रसंन्न होने वाले भगवान शिव कालों के महाकाल हैं। प्रजापिता ब्राम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शिव चेतना को जगाने के लिए किये जाने वाले प्रयास सराहनीय हैं। इस संस्थान ने सामाजिक क्षेत्र में भी बढ़चढ़ कर योगदान दिया है। इस अवसर पर प्रजापिता ब्राम्हकुमारी संस्थान द्वारा उप मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

### जिसके साथ होना था विवाह उसी ने गला घोंट मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम खमरिया में एक युवक की संदिग्ध मौत के मामले की गुत्थी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझाते हुए आरोपिता को गिरफ्तार कर लिया है। यह सफलता वरिष्ठ अधिकारियों ने निर्देशन एवं मार्गदर्शन में रीठी पुलिस को मिली। गौरतलब है कि 11 फरवरी को सूचना प्राप्त हुई कि थाना रीठी के ग्राम खम्हरिया में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है। मृतक की पहचान सुनील भुमिया पिता रमेश भुमिया 19 वर्ष निवासी ग्राम परसवाहा थाना विजयराघवगढ़ के रूप में हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची एवं मर्ग दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाकर साक्ष्य संकलित किए गए। शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें डॉक्टरों द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि मृतक की मृत्यु गला घोंटे जाने के कारण हुई है। घटनास्थल का निरीक्षण, शव पंचनामा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया। गहन पूछताछ एवं साक्ष्यों के विश्लेषण में यह तथ्य सामने आया कि मृतक 10 फरवरी की रात अपनी होने वाली ससुराल ग्राम खम्हरिया आया था। वहां शराब सेवन के पश्चात उसका अपनी होने वाली पत्नी से विवाद हो गया।

## मनगवां में व्यापारी से हथियारबंद बदमाशों ने की लूट, ओवरटेक कर स्कूटी से गिराया, साढ़े तीन तोले की चेन, नकदी लेकर फरार



**रीवा।** जिले मंनगवा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 09 स्थित मनगवॉ बस्ती में शुक्रवार रात एक व्यापारी के साथ लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई। तिवनी रोड मलकपुर तालाब के समीप दूरसंचार कार्यालय के सामने चार नकाबपोश बदमाशों ने स्कूटी सवार व्यापारी को ओवरटेक कर गिरा दिया और मारपीट कर सोने की चेन व नकदी लूटकर फरार हो गए।पीड़ित पियूष गुप्ता, निवासी मनगवॉ बस्ती, रोज की तरह मनगवॉ बस स्टैंड स्थित अपनी दुकान बंद कर पुराने बस्ती स्थित घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार चार बदमाशों ने उनकी स्कूटी को ओवरटेक कर उन्हें जबरन सड़क पर गिरा दिया। बताया जा रहा है कि बदमाश हथियारों से लैस थे।गिराने के बाद आरोपियों ने लाठी से हमला कर पियूष गुप्ता के साथ बेरहमी से मारपीट की। हमलावरों ने उनके पैर पर वार किया, जिससे फ्रेक्चर हो गया। सिर और माथे पर भी गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के बाद बदमाश उनके गले से लगभग साढ़े तीन तोले वजनी सोने की चेन (लॉकेट सहित) और करीब 10 हजार रुपये नकद छीनकर मौके से फरार हो गए। घटना के दौरान पीड़ित के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बदमाश भाग चुके थे। तत्काल डायल 112 पर सूचना दी गई। गंभीर रूप से घायल पियूष गुप्ता को पहले रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए प्रयागराज रेफर किया गया है। शनिवार सुबह पीड़ित एवं उनके परिजन थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की। थाना प्रभारी आर.एम. प्रजापति ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आरोपियों की पहचान के प्रयास जारी हैं।

## बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में गौ कथा का दिव्य समापन, धर्म व गौ संरक्षण का संकल्प सुदृढ़

रीवा।

बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में स्थित रेवासा धाम एवं वृंदावन धाम के पावन सानिध्य में मलूक पीठाधीश्वर परम पूज्य राजेंद्रदास महाराज द्वारा आयोजित गौ कथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती विषयक दिव्य कथा का तीसरा एवं अंतिम दिवस अत्यंत भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धा, विश्वास और भक्ति के साथ कथा श्रवण किया। अपने अमृतमय प्रवचन में महाराज ने शास्त्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पृथ्वी सात स्तंभों पर आधारित है। प्रथम स्तंभ गौ माता हैं, द्वितीय ब्राह्मण, तृतीय वेद, चतुर्थ सती-सावित्री पतिवृता नारियां, पंचम सत्यवादी पुरुष, षष्ठम लोभरहित पुरुष और सप्तम दानशील पुरुष। इन सातों तत्वों के संरक्षण से ही समाज और सृष्टि का संतुलन बना रहता है। चित्रकूट के संत शिरोमणि संकादिक महाराज भी गोकथा में शामिल हुए। मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज की उपस्थिति में बसामन मामा गौधाम परिसर में ऋषिकुलम आवास गृह का भूमिपूजन किया एवं पीपल का वृक्षारोपण किया। महाराज श्री ने कहा कि युग निर्माता ब्राह्मण होता है। जो संपूर्ण समाज की पीड़ा को अनुभव करे,




वही सच्चा ब्राह्मण है। धर्माचरण से ही अर्थ और काम रूपी पुरुषार्थ की सिद्धि संभव है। जब अर्थ की प्राप्ति धर्म के अनुशासन और नियंत्रण में होती है, तब वह अर्थ अनर्थ का कारण नहीं बनता, बल्कि लोक कल्याण का साधन बनता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अपवित्र धन कभी पवित्र कार्यों में नहीं लगता और जो धन धर्मकार्य में समर्पित होता है, वह स्वयं पवित्र हो जाता है।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि हम सबके लिए यह अत्यंत सौभाग्य का विषय है कि पूज्य राजेंद्रदास महाराज के मुखारविंद से अमृतवाणी श्रवण का अवसर प्राप्त हुआ। एक ओर बसामन मामा की पुण्यभूमि, जहाँ दस हजार गौ माताओं के संरक्षण एवं संवर्धन का विशाल प्रकल्प संचालित है, और दूसरी ओर पूज्य महाराज श्री का दिव्य प्रवचन यह संगम सचमुच त्रिवेणी के समान है, जो दीर्घकाल तक समाज का कल्याण करता रहेगा। शुक्ल ने कहा कि गौ माता का सम्मान ही मानवता का सम्मान है। यदि गौ माता का अपमान होगा तो मानव जाति का कल्याण संभव नहीं। उन्होंने कहा कि महाराज श्री के प्रवचनों से उन्हें गौ संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य में और अधिक ऊर्जा एवं संकल्प प्राप्त हुआ है। उन्होंने भावुकता से कहा कि कभी-कभी जब वे किसी कठिन कार्य का दायित्व लेते हैं और वह सहज ही पूर्ण हो जाता है, तो उन्हें अनुभव होता है कि यह सब गौ माता की कृपा और उनकी प्रसन्नता का ही परिणाम है। कार्यक्रम का समापन भक्ति, भाव और संकल्प के साथ हुआ, जिसमें गौ सेवा, धर्माचरण और समाज कल्याण के लिए कार्य करने का संदेश प्रमुख रहा। कथा समापन के बाद बसामन मामा में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा के समापन दिवस पर सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, विधायक सिहावल श्री विश्वामित्र पाठक, पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी तथा बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

## जिले में 28 लाख का स्कूल मरम्मत घोटाला उजागरः फर्जी बिलों के सहारे भुगतान, 6 अधिकारियों को नोटिस जारी

**रीवा।** जिले के स्कूल शिक्षा विभाग में 28 लाख रुपये से अधिक के कथित घोटाले का मामला सामने आने से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। स्कूलों की मरम्मत और रंगाई-पुताई के लिए जारी सरकारी बजट में अनियमितता उजागर होने के बाद कमिश्नर ने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) सहित छह जिम्मेदार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। तीन दिन के भीतर संतोषजनक जवाब न मिलने पर निलंबन और आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाने के संकेत दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा स्कूलों के कायाकल्प के लिए बजट जारी किया गया था। जिले को कुल 55 लाख रुपये आवंटित हुए थे। आरोप है कि 20 सितंबर 2025 को तत्कालीन डीईओ ने बिना भौतिक सत्यापन के ठेकेदार सत्यव्रत तिवारी को 28 लाख 38 हजार 229 रुपये का भुगतान कर दिया। जांच में सामने आया कि कई विद्यालयों में या तो कार्य अधूरा था या शुरू ही नहीं हुआ था, इसके बावजूद फर्जी पूर्णता प्रमाण पत्र (कम्प्लीशन सर्टिफिकेट) तैयार कर भुगतान निकाल लिया गया।6 स्कूलों के नाम पर निकाली गई राशिविशेष जांच समिति की प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ कि छह विद्यालयों में कागजों पर कार्य दर्शाकर राशि आहरित की गई। इनमें शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, पैपखरा,हाई स्कूल, दुआरी,पीएमश्री हायर सेकेंडरी स्कूल, गुढ़,हायर सेकेंडरी स्कूल, खैरा,हाई स्कूल, बरैया,हाई स्कूल (कन्या), खटखरी शामिल हैं। जांच टीम ने मौके पर निरीक्षण के दौरान पाया कि कई स्थानों पर रंगाई-पुताई,




मरम्मत और निर्माण कार्य का कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला।आपराधिक मामला दर्ज करने की तैयारीमामले की शिकायत कमिश्नर तक पहुंचने के बाद जेडी लोक शिक्षण द्वारा विशेष जांच समिति गठित की गई। समिति की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यदि निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, तो संबंधित अधिकारियों को निलंबित करते हुए उनके खिलाफ धोखाधड़ी और शासकीय धन के गबन का आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जाएगा।अपर संचालक ने दिए कड़ी कार्रवाई के संकेतदो संभागों की समीक्षा के लिए रीवा पहुंचे शिक्षा विभाग के अपर संचालक मनीष वर्मा ने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्कूल शिक्षा के बजट में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## शिक्षक के सूने घर में चोरी का पर्दाफाश, अंतरराज्यीय गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार

रीवा

जिले के जवा थाना क्षेत्र में शिक्षक के सूने घर में हुई चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपी अब भी फरार हैं। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी में प्रयुक्त औजार और सोने के जेवर बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, जवा थाना क्षेत्र के बरौली ठकुरान गांव निवासी शिक्षक रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी के घर में बदमाशों ने उस समय धावा बोला जब परिवार वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गया था।



सूने घर को निशाना बनाकर दो बदमाश अंदर घुसे ही थे कि इसी दौरान परिवार वापस लौट आया। परिजनों की आहट पाते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मौके का मुआयना किया। आसपास तलाश के दौरान पुलिस को दो संदिग्ध बाइकें मिलीं, जिनके आधार पर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी संभव हो सकी।प्रयागराज में बनाया था ठिकानाजांच के दौरान पुलिस को पता चला कि गिरोह के सदस्य रीवा से प्रयागराज जाकर छिपे हुए हैं। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए रीवा के गुढ़ चौराहा, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी शातिर बदमाश तमस बंसल को प्रयागराज के मिंटो पार्क के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी वहां कबाड़ का कारोबार कर रहा था। तमस बंसल की निशानदेही पर पुलिस ने सतना निवासी करण विश्वकर्मा को पन्ना से गिरफ्तार किया। इसके अलावा वारदात में शामिल एक अन्य आरोपी विकास बंसल को भी पुलिस ने पकड़ लिया है, जिससे पूछताछ जारी है।औजार और जेवर जब्त पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी में इस्तेमाल किए गए औजार और एक सोने की अंगूठी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की है। गिरोह के दो अन्य सदस्य अभी फरार हैं, जिनकी तलाश के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। वही मुख्य आरोपी तमस बंसल पर चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस उसके आपराधिक रिकॉर्ड की विस्तृत जांच कर रही है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी तमस बंसल रीवा से जवा होते हुए प्रयागराज जा रहा था। इसी दौरान गढ़ी रोड स्थित पीड़ित के सूने घर पर उसकी नजर पड़ी। उसने अपने साथियों को बुलाकर अगले दिन सुनियोजित तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई। हालांकि, परिवार के समय से पहले लौट आने से आरोपी वारदात को पूरी तरह अंजाम नहीं दे सके और मौके से भाग निकले।

## रीवा में बनेगा कॉम्प्रहेंसिव मोबिलिटी प्लान मैनिट की टीम करेगी बहुआयामी सर्वे



रीवा

शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव, असंतुलित वाहन वृद्धि और सार्वजनिक परिवहन के सीमित उपयोग को ध्यान में रखते हुए व्यापक स्तर पर कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान (सीएमपी) तैयार करने की दिशा में पहल तेज हो गई है। इसी क्रम में नगर निगम, यातायात विभाग, एमपीआरडीसी, पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वेक्षण कार्य के लिए आए मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मैनिट) की टीम भी शामिल रही।बैठक में शहर की वर्तमान यातायात व्यवस्था, जंक्शन सुधार, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग, पार्किंग प्रबंधन, पैदल यात्री सुविधाओं और शहरी मोबिलिटी पैटर्न पर विस्तार से चर्चा की गई। मैनिट की टीम रीवा शहर में व्यापक सर्वे कर यातायात से संबंधित विस्तृत डेटा एकत्रित करेगी, जिसके आधार पर शहर के लिए वैज्ञानिक और डेटा-आधारित यातायात दस्तावेज तैयार किया जाएगा। बैठक के दौरान नगर निगम से कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, सिद्धार्थ सिंह, ट्रैफिक टीआई श्रीमती अनिमा शर्मा, सुबेदार अखिलेश कुशवाहा तथा चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर मुरारी कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।शहर के सुनियोजित विकास की दिशा में कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान को एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे रीवा की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित, सुरक्षित और भविष्य उन्मुख बनाया जा सकेगा।6 प्रमुख स्थानों पर होगा ट्रैफिक सर्वेमैनिट से आए टीम निर्देशक एवं सह प्राध्यापक राहुल तिवारी ने बताया कि शहर के छह प्रमुख स्थानों पर ट्रैफिक वॉल्यूम काउंट किया जाएगा। इसके साथ ही ओरिजिन-डेस्टिनेशन आधारित हाउसहोल्ड सर्वे, पीक आवर एनालिसिस तथा ट्रैफिक फ्लो स्टडी के माध्यम से यातायात का गहन अध्ययन किया जाएगा। यह सर्वे 14 फरवरी से 20 फरवरी तक संचालित रहेगा।उन्होंने बताया कि टीम में 10 राज्यों के 28 शहरों से आए कुल 44 छात्र शामिल हैं, जो शहर की यातायात गतिशीलता को समझने के लिए बहुआयामी सर्वे करेंगे। सिटी बस, पार्किंग और जंक्शन सुधार पर बनेगी योजनासर्वे से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर शहर के प्रमुख चौराहों के लिए सर्कुलेशन प्लान तैयार किया जाएगा। साथ ही सिटी बस सेवा की आवश्यकता, बस ट्रांसपोर्ट नेटवर्क के विकास, पार्किंग व्यवस्था के सुव्यवस्थित प्रबंधन और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने संबंधी योजनाओं पर कार्य किया जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि डेटा-आधारित योजना बनने से शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या को नियंत्रित करने, सड़क सुरक्षा बढ़ाने और पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक मार्ग विकसित करने में मदद मिलेगी।

## देवतालाब में भाजपा जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष एवं महिला पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक संपन्न

**भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं को उनके समर्पण और निष्ठा के कारण ही देवतुल्य कहा जाता है-गिरीश गौतम**

मऊगंज

भारतीय जनता पार्टी की जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, एवं महिला पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक देवतालाब सम्पन्न हुई।जिसमे भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने बैठक को संबोधित करते



हुए कहा कि भाजपा का संकल्प अंत्योदय का है और भाजपा लगातार अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करने के लिए प्रयासरत रहती है। उन्होंने कहा कि हमारे भाजपा कार्यकर्ता गंभीरता से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे मजबूत राजनीतिक संगठन है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कर्मठ और निष्ठावान कार्यकर्ता संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्वों को जिम्मेदारी से पूरा करता है।देवतालाब विधायक गिरीश गौतम ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित अंत्योदय और राष्ट्र प्रथम के आदर्शों पर भारतीय जनता पार्टी लगातार काम कर रही है। उन्होंने ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें एक सामान्य कार्यकर्ता को भी देश का नेतृत्व करने का दायित्व दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं को उनके समर्पण और निष्ठा के कारण ही देवतुल्य कहा जाता है।जिला प्रभारी शशांक श्रीवास्तव ने कहा की भाजपा का प्रत्येक पदाधिकारी राष्ट्र प्रथम के भाव को आत्मसात कर बूथ तक प्रवास कर सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करें।बैठक के दौरान राहुल गौतम, संतोष सिंह सिसोदिया, विपिन मिश्रा, जयप्रकाश मिश्रा, प्रकाश चौरसिया, नीलम सिंह, बंशगोपाल तिवारी, स्वदीप सिंह, चंद्रकांत मिश्रा, प्रियंका पटेल, सावित्री साहू, वेदमणि कुशवाहा, बरिष्ठ नेता शिवपूजन शुक्ला, रामश्रय नामदेव, सभी मंडल अध्यक्ष महामंत्री एवं महिला पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नईगढ़ी में ड्रग इंस्पेक्टर की कार्रवाई से मचा हड़कंप, कई मेडिकल दुकानें बंद

**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी में स्वास्थ्य विभाग की सख्त कार्रवाई के बाद मेडिकल व्यवसायियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। ड्रग इंस्पेक्टर की टीम के क्षेत्र में पहुंचते ही कई मेडिकल दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं।

बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो के बाद शुरू हुई जांच के दौरान जब टीम बाजार क्षेत्र में पहुंची, तो कुछ मेडिकल संचालकों ने तत्काल शटर गिरा दिए। इससे यह संकेत मिलता है कि कार्रवाई को लेकर पहले से ही आशंका बनी हुई थी।जांच टीम द्वारा लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर और योग्य



फार्मासिस्ट की उपस्थिति की जांच की जा रही है। ड्रग इंस्पेक्टर ने कहा कि यदि बिना फार्मासिस्ट के दवा वितरण या अन्य नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो संबंधित दुकानों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि सब कुछ नियमों के अनुसार है तो दुकानें बंद करने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। अब सभी की नजर स्वास्थ्य विभाग की अंतिम रिपोर्ट और आगे की कार्रवाई पर टिकी है।